प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 23.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## “मिशन शक्ति फेज-5.0” के तहत महोबा पुलिस की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक-

प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे “मिशन शक्ति फेज- 05” के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 23.01.2025 महोबा पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 23.01.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## थाना खरेला की पुलिस टीम ने अलग-अलग अभियोग से सम्बन्धित 02 नफ़र वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

महाकुम्भ- 2025 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक- 23.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में थाना खरेला प्रभारी निरीक्षक श्री सत्यपाल सिंह द्वारा थानास्तर पर क्रमशः गठित की गयी उ0नि0 अवनीश कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना खरेला में पंजीकृत मु0अ0सं0 112/24 धारा 64(1)/87/137(2) बीएनएस व ¾ पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वाछिंत अभियुक्त शनि पुत्र स्व0 विजय उम्र 21 वर्ष निवासी शहरी थाना बिंबार जनपद हमीरपुर को परथनिया पुल से गिरफ्तार किया है तथा उ0नि0 राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 148/24 धारा 137(2)/87/64(1) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त अनीश पुत्र रामपाल उम्र 22 वर्ष नि0 ग्राम कुडार थाना खरेला महोबा को आईटीआई कालेज खरेला से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही सम्पादित कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1. शनि पुत्र स्व0 विजय उम्र 21 वर्ष निवासी शहरी थाना बिंबार जनपद हमीरपुर
2. अनीश पुत्र रामपाल उम्र 22 वर्ष नि0 ग्राम कुडार थाना खरेला महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमों का विवरण –

(प्रथम टीम) 1. उ0नि0 अवनीश कुमार यादव
2. कां0 अनुराग सचान

(द्वितीय टीम) 1. उ0नि0 राकेश कुमार शर्मा
2. कां0 अमित कुमार



# महोबा पुलिस



## जानलेवा हमला करने वाले वांछित अभियुक्त को थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार, अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त रक्त रंजित कुल्हाड़ी की गयी बरामद-

महाकुम्भ- 2025 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक- 23.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में थाना श्रीनगर प्र0नि0 अवधेश कुमार मिश्र द्वारा गठित की गयी व0उ0नि0 कन्हैयालाल, म0उ0नि0 निकिता शुक्ला व हे0का0 ओमप्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना श्रीनगर में जानलेवा हमले के प्रकरण में पंजीकृत किये गये मु0अ0सं0 17/25 धारा 109(1) बीएनएस से सम्बंधित वांछित अभियुक्त उमाशंकर अहिरवार पुत्र बृजकिशोर उम्र 30 वर्ष नि0 ग्राम विजयपुर थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को थानाक्षेत्र के सूरा चौराहे के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार अभियुक्त की निशादेही पर जानलेवा हमले के दौरान घटना में प्रयुक्त रक्त रजिंत एक अदद कुल्हाड़ी को बरामद किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -

उमाशंकर अहिरवार पुत्र बृजकिशोर उम्र 30 वर्ष नि0 ग्राम विजयपुर थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

**बरामदगी विवरण-** घटना में प्रयुक्त रक्त रजिंत एक अदद कुल्हाड़ी

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 कन्हैयालाल
2. म0उ0नि0 निकिता शुक्ला
3. हे0का0 ओमप्रकाश



## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में SPEL (स्टूडेंट पुलिस एक्सप्रिएन्शल लर्निंग प्रोग्राम) के तहत चयनित छात्र- छात्राओं को थाना कोतवाली नगर में पुलिस कार्यप्रणाली की दी गयी जानकारी:-

पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर जनपद महोबा में भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग के तत्वाधान में आयोजित हो रहे कार्यक्रम Student Police Experiential Learning (SPEL) कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 23.01.2025 को थाना कोतवाली नगर महोबा में प्रशिक्षण हेतु चयनित जनपद महोबा के वीर भूमि डिग्री कालेज महोबा के छात्र/छात्राओं को प्रशिक्षण के दूसरे दिन थाना कोतवाली में अवस्थापित आगन्तुक पटल, महिला हेल्प डेस्क एवं UPCOP एप्प (जैसे आनलाइन ई-एफआईआर लिखना, चरित्र प्रमाण पत्र, खोयी सम्पत्ति का रजिस्ट्रेशन, किराये दार का सत्यापन, कर्मचारी सत्यापन) के बारे में एवं उसके प्रयोग के बारे में थाना कोतवाली में नियुक्त कम्प्यूटर आपरेटर अभिषेक वर्मा द्वारा जागरूक किया गया है।

थाना कोतवाली नगर महोबा में प्रशिक्षण हेतु चयनित छात्र/छात्राओं को सामाजिक समस्याओं से अवगत कराते हुए उनमें संवेदनशीलता विकसित करने व तनाव प्रबंधन सीखने के लिये प्रशिक्षण देने तथा पुलिस की कार्यप्रणाली एवं विभिन्न अभिलेखों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किए जाने के उद्देश्य से इस 30 दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत की गयी है।




